# अनसॉल्वड पेपर 1

आदर्श प्रश्न-पत्र

गृह-विज्ञान कक्षा - 10 पूर्णांक: 70

समय: 3 घण्टे 15 मिनट

---

(खण्ड-अ)

निर्देश - प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय हैं।
निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं।
उनमें से सही विकल्प चुनकर उन्हें क्रमवार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1. बजट बनाने से पहले आवश्यक है—
   (a) बजट का पूर्व अनुमान
   (b) व्यय पर नियन्त्रण
   (c) परिवार के सदस्यों की संख्या
   (d) उपर्युक्त सभी।

2. आवश्यकतानुसार जल ग्रहण करने से शरीर का तापमान—
   (a) बढ़ जाता है
   (b) घट जाता है
   (c) नियमित रहता है
   (d) अप्रभावित रहता है

3. किस चैक में बाएँ कोने पर दो समान्तर रेखाएँ खींच दी जाती हैं—
   (a) वाहक चैक (b) क्रॉस चैक
   (c) यात्री चैक (d) उपहार चैक

4. पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है—
   (a) 10 जून (b) 15 जून
   (c) 5 जून (d) 2 जून

mathangles.com

5. कौन-सा बजट का अनिवार्य भाग नहीं है—
   (a) भोजन (b) शिक्षा
   (c) फैशन (d) आवास

6. घर की सफाई करने के बाद कूड़े का क्या करना चाहिए—
   (a) घर में रखना चाहिए
   (b) सड़क पर फेंकना चाहिए
   (c) कूड़ेदान में डालना चाहिए

7. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु पूँजी नहीं है—
   (a) दस का नोट (b) फैक्टरी भवन
   (c) टैक्सी (d) औजार

8. फूलदान में फूलों को अधिक समय तक ताजा रखा जा सकता है—
(a) पानी में थोड़ी चीनी डालकर
(b) पानी में थोड़ा नमक डालकर
(c) फूलदान को धूप में रखकर
(d) फूलदान को बन्द कमरे में रखकर

9. बचत का मुख्य प्रयोजन है—
(a) मनोरंजन के लिए
(b) कीमती आभूषण खरीदने के लिए
(c) सुख की प्राप्ति के लिए
(d) भविष्य के आवश्यक व आकस्मिक व्यय के लिए।

10. दो किलोग्राम में कितने ग्राम होते हैं—
(a) 500 ग्राम (b) 1,000 ग्राम
(c) 1,500 ग्राम (d) 2,000 ग्राम

11. हैजा किसके द्वारा फैलता है—
(a) वायु द्वारा (b) जल द्वारा
(c) भोजन द्वारा (d) (b) व (c) दोनों

12. $H_2O$ रासायनिक यौगिक सूत्र है—
(a) वायु का (b) जल का
(c) पृथ्वी का (d) इनमें से किसी का नहीं

13. ऊनी एवं रेशमी वस्त्रों को धोने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है—
(a) मुल्तानी मिट्टी (b) रीठे का घोल
(c) साधारण साबुन (d) सोडा

14. पर्यावरण प्रदूषित होने का कारण है—
(a) जनसंख्या वृद्धि (b) आधुनिकीकरण
(c) सामाजिक रीति-रिवाज (d) ये सभी

15. कपड़े पर आवश्यक चिन्ह लगाने चाहिए—
(a) पेन से (b) रंगीन पेन्सिल से
(c) मिल्टन चॉक से (d) सफेद रंग से

16. टायफॉइड रोग फैलता है—
(a) साल्मोनेला टाइफी से
(b) एनोफेलीज से
(c) क्लॉस्ट्रिडियम टिटेनी से
(d) बैसिलस पर्टुसिस से

17. सिलाई में प्रयुक्त उपकरण 'गुनिया' का आकार होता है—
(a) 'एस' आकार
(b) 'एल' आकार
(c) 'के' आकार
(d) इनमें से कोई नहीं

18. भोजन परोसने के लिए ..... का प्रयोग करना चाहिए—
(a) हाथ की उँगलियाँ
(b) काँटेदार चम्मच (फोर्क)
(c) लकड़ी की छुरी
(d) बड़ा चम्मच (परोसने वाला चम्मच)

19. प्रेशर कुकर में खाना पकाया जाता है—
(a) भाप द्वारा
(b) उबालकर
(c) भूनकर
(d) तलकर

20. मोच आने पर निम्नलिखित में से किसका प्रयोग करते है—
(a) डिटॉल
(b) आयोडेक्स
(c) सेवलॉन
(d) कोल्ड क्रीम

## उत्तरमाला

1. (d); 2. (b); 3. (b); 4. (c); 5. (c)
6. (c); 7. (c); 8. (b); 9. (d); 10 (d);
11. (d); 12. (b); 13. (b); 14. (d); 15. (c);
16. (a); 17. (b); 18. (d); 19. (a); 20. (b)

## खण्ड ब

1 निर्देश — प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अतिलघु उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए—

21. पारिवारिक बजट से आप क्या समझती है?
22. वार्षिक सफाई का क्या अर्थ है?
23. ओजोन परत का महत्व लिखिए?
24. सजावट की मुख्य शैलियाँ क्या है?
25. आसुत जल किसे कहते हैं?
26. ठण्डी सेंक की विधि बताइए?

1. निर्देश – प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय हैं। इनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

27. घर की सफाई के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

28. हड्डी की टूट और मोच में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

29. भोजन परोसने की स्वदेशी शैली और पाश्चात्य शैली में अन्तर बताइए।

30. संक्रामक रोग क्या होते हैं? ये कैसे फैलते हैं?

31. आप हल्दी का धब्बा कैसे छुड़ाएँगी?

निर्देश – प्रश्न संख्या 32 से 34 तक विस्तृत उत्तरीय है। प्रश्न संख्या 32 व 33 के विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए –

32. एक गृहिणी की मासिक आय ₹ 30,000 है। वह प्रतिमाह 30% बचाती है तो उसकी कुल वार्षिक बचत क्या होगी?

अथवा — पर्यावरण का मानव – जीवन पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

33. घर में सिलाई करने से गृहिणी को क्या लाभ होता है?

अथवा

भोजन परोसने की विभिन्न शैलियों का वर्णन कीजिए।

34. अशुद्ध जल को शुद्ध करने की मुख्य रासायनिक विधियाँ क्या हैं?

# तालिका

विभिन्न आय स्तरों के परिवार का अनुमानित बजट

(सभी परिवारों में पति - पत्नी व दो स्कूल जाने वाले बालक तथा वृद्ध माता - पिता हैं)

| व्यय की मदें | आय ₹ 5,000 प्रति मास | | आय ₹ 10,000 प्रति मास | | आय ₹ 15,000 प्रति मास | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रुपया व्यय | प्रतिशत व्यय | रुपया व्यय | प्रतिशत व्यय | रुपया व्यय | प्रतिशत |
| **व्यय** | | | | | | |
| 1. भोजन | 3000.00 | 60% | 5000.00 | 50% | 6000.00 | 40% |
| 2. वस्त्र | 250.00 | 5% | 800.00 | 8% | 1200.00 | 8% |
| 3. आवास | 750.00 | 15% | 2000.00 | 20% | 3000.00 | 20% |
| 4. व्यक्तिगत सुरक्षा (स्वास्थ्य के साधन) | 300.00 | 6% | 500.00 | 5% | 1200.00 | 8% |
| 5. शिक्षा | 300.00 | 6% | 800.00 | 8% | 1500.00 | 10% |
| 6. बचत | 100.00 | 2% | 400.00 | 4% | 1200.00 | 8% |
| 7. अन्य व्यय | 300.00 | 6% | 500.00 | 5% | 900.00 | 6% |
| **कुल योग** | 5000.00 | 100% | 10000.00 | 100% | 15,000.00 | 100% |

# अतिसार के रोगी के लिए एक दिन की आहार तालिका

| समय | भोज्य पदार्थ |
| --- | --- |
| 6 बजे | दूध अथवा चाय |
| 9 बजे | मट्ठा |
| 10 बजे | पानी |
| 11 बजे | केला |
| 12 बजे | मट्ठा |
| 1 बजे | दही |
| 3 बजे | मट्ठा |
| 7 बजे | दही |
| 8 बजे | पानी |
| 9 बजे | केला |
| 10 बजे | मट्ठा |